हिन्दुस्तान
बुधवार, 9 अगस्त 2023





बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय शूटर अनमोल जैन का स्वागत करते प्राचार्य डॉ. केके गुप्ता। • हिन्दुस्तान

# अंतरराष्ट्रीय शूटर अनमोल का कॉलेज में अभिनंदन

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज के एमए अर्थशास्त्र के छात्र एवं अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन का मंगलवार को कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्रबंधन की ओर से गाजे-बाजे के साथ जोरदार अभिवादन किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों और गैरशिक्षकों ने अनमोल का फूल मालाओं और मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उसे जीवन में तरक्की करने का आशीर्वाद दिया।